द्वितीय सत्र, 2023
का प्रथम बुधवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## बुधवार,
**15 भाद्रपद, शक संवत्, 1945**

(दिनांक : 06 सितम्बर, 2023)

## नत्थी 'क'

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री भुवन चन्द्र कापड़ी<br>30.08.2023 | ** क्या चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञांत है कि प्रदेश में लगातार डेंगू रोग का प्रकोप दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, जिससे कई लोगों की अकाल मृत्यु हो चुकी है ? क्या सरकार इस महामारी को रोकने के लिए कोई प्रभावी कदम उठा रही है ? यदि हां, तो वह प्रभावी कदम क्या है ? क्या यह सत्य है कि डेंगू रोग का उपचार अत्यन्त महंगा होने के कारण कई गरीब लोग अपना उपचार नहीं करवा पा रहे हैं ? क्या सरकार गरीब लोगों को डेंगू का निःशुल्क उपचार करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | चिकित्सा स्वास्थ्य |

# नत्थी 'ख'

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| **श्री बृजभूषण गैरोला**<br>**29.05.2023** | *1. क्या खेल मंत्री अवगत हैं कि वर्ष 2011 में महाराणा प्रताप स्पोटर्स कॉलेज देहरादून में 80 करोड़ से अधिक की धनराशि खर्च कर आईस स्केटिंग रिंक का निर्माण किया गया था ? क्या यह भी सत्य है कि वर्ष 2011 मे बने इस आईस स्केटिंग रिंक में साउथ इस्टर्न विंटर गेम्स एवं वर्ष 2011–12 में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता होने के उपरान्त उक्त आईस स्केटिंग रिंक बन्द पड़ा है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त आईस स्केटिंग रिंक का पुनः संचालन हेतु कोई योजना बना रही है ? यदि हां, तो वह योजना क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल |
| **श्री बृजभूषण गैरोला**<br>**30.05.2023** | *2. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य की एकल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कोई कार्य योजना बनाई गयी है ? यदि हां तो, क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में कुल कितनी एकल महिलायें है जो कि आर्थिक रुप से कमजोर है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में आर्थिक रुप से कमजोर एकल महिलाओं को स्वरोजगार देने के लिए कौन–कौन सी योजनायें चलाई जा रही हैं तथा आतिथि तक कितनी एकल महिलाओं को इस योजना का लाभ दिया जा चुका है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास |
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>**31.05.2023** | *3. क्या खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जनपदवार सभी प्रकार के राशन कार्ड धारकों की संख्या कितनी है ? क्या सरकार बतायेगी कि डिजिटल राशनकार्ड बनाया जाना प्रदेश में किस तिथि से प्रारम्भ किया गया था ? क्या यह सत्य है कि आतिथि तक डिजिटल राशनकार्ड नहीं बनाये जा सके है ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि किस तिथि तक राशन कार्ड धारकों को डिजिटल राशनकार्ड वितरित करवा लिए जायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले |

| | | |
|---|---|---|
| **डॉ0 मोहन सिंह बिष्ट**<br>**07.06.2023** | *4. क्या खेल मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र लालकुआं के अन्तर्गत इन्दिरा गॉधी अर्न्तराष्ट्रीय स्टेडियम हल्द्वानी में कोई खेल प्रतियोगिताऐं आयोजित नहीं होने के कारण क्षेत्र के युवा प्रतिभाओं को इसका लाभ नही मिल पा रहा है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त स्टेडियम में अर्न्तराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धायें आयोजित करवाने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल |
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>**14.06.2023** | *5. क्या खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में राशन, शब्जी, फल इत्यादि के मूल्य दरों पर नियन्त्रण (रेट कन्ट्रोल) के लिए कोई व्यवस्था बनायी गई हैं ? क्या सरकार को जानकारी है कि कभी–कभी बाजारों या हाट में राशन, शब्जी तथा फलों के मूल्य में अचानक बेतहाशा वृद्धि कर दी जाती है, जिस कारण उपभोक्ताओं को ऊंची दरों पर दैनिक उपयोग की वस्तुयें क्रय करनी पड़ती है ? क्या सरकार अचानक होने वाली बेतहाशा वृद्धि (रेट कन्ट्रोल) हेतु कोई व्यवस्था बनाकर उपभोक्ताओं के हित में कारगर कदम उठायेगी ? यदि हां, तो कब से ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले |
| **श्री सुरेश गढ़िया**<br>**21.06.2023** | *6. क्या खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में ए.पी.एल., बी.पी.एल. एवं अन्त्योदय राशन कार्डों के वितरण तय मानकों के आधार पर किए जा रहे हैं ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के अनेक ग्राम पंचायतो में बी.पी.एल. एवं अन्तोदय राशन कार्डों के वास्तविक पात्र व्यक्ति इस सुविधा से क्यों वंचित हैं ? क्या सरकार तत्सम्बन्धित विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलें |

**श्री सुरेश गढ़िया**
**21.06.2023**

*7. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं के कल्याण एवं सर्वांगीण विकास के लिए संचालित प्रदेश के विभिन्न जनपदों में पंजीकृत युवा मंगल दल एवं महिला मंगल दलों के उत्थान के लिए क्या–क्या कदम उठाये जा रहे हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2017 से आतिथि तक प्रदेश के अनेक ग्राम पंचायतों के युवा मंगल दलों को सरकार द्वारा मदवार कितनी धनराशि का आवंटन किया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार तत्सम्बन्धित का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

युवा कल्याण

**श्री आदेश सिंह चौहान**
**07.07.2023**
**श्रीमती ममता राकेश**
**11.07.2023**

*8. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा के तृतीय सत्र 2022 के प्रथम बुधवार के तारांकित प्रश्न संख्या–09 के उत्तरालेख एवं चर्चा में मंत्री जी द्वारा कहा गया कि नन्दा देवी कन्या धन योजना के अन्तर्गत वर्ष 2015–16 में जन्मी तथा उक्त योजना से वंचित कन्याओं को लाभान्वित करने हेतु वित्त विभाग से बजट की मांग की गयी है ? क्या यह सत्य हैं कि बजट की मांग एवं स्वीकृति हेतु कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जाता है ? यदि नहीं तो 2015 से वर्तमान तक 07 वर्ष बीतने के उपरान्त भी उक्त बालिकाओं को लाभान्वित करने में उदासीनता के क्या कारण है ? क्या विभाग उक्त बजट के मांग हेतु अविलम्ब कोई प्रयास करेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ?

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास

## अतारांकित प्रश्न

**श्रीमती अनुपमा रावत**
**29.05.2023**

1. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड को सम्भावित राष्ट्रीय खेलों की मिल रही मेजबानी के संदर्भ में विभाग द्वारा क्या–क्या तैयारियां की जा रही है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा की जा रही तैयारियों के तहत जनपद हरिद्वार में भी राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किया जायेगा ? यदि हां, तो तद्सम्बन्धी विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

खेल

| | | |
|---|---|---|
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>**31.05.2023** | 2. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण व सशक्तिकरण हेतु क्या–क्या कार्यक्रम व योजनायें संचालित है ? क्या सरकार बतायेगी कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में महिलाओं के काम के बोझ को कम करने अथवा राहत प्रदान करने के लिए कोई योजना सरकार/शासन में विचाराधीन है ? यदि हां, तो वह योजना/कार्यक्रम क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास |
| **इंजी0 रवि बहादुर**<br>**02.06.2023** | 3. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के ज्वालापुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सभा हसनावाला, हजारा ग्रान्ट, रिठौरा ग्रान्ट एवं सुभाषगढ़ की समस्त क्षेत्रीय जनता की मांग पर उक्त ग्राम सभा में एक मिनी स्टेडियम की स्थापना हेतु सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | युवा कल्याण |
| **श्रीमती ममता राकेश**<br>**06.06.2023** | 4. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में कोरोना काल वर्ष 2019–20 में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाली पात्र छात्राओं को गौरा देवी कन्याधन योजना का आतिथि तक लाभ प्राप्त नही हो पाया है ? यदि हां, तो कोरोना काल में विषम परिस्थितियों व जानकारी के अभाव में कई पात्र छात्राएं उक्त योजना का लाभ लेने से वंचित रह गयी है ? यदि हां, तो क्या सरकार वर्ष 2019–20 में कक्षा 12वीं उत्तीर्ण पात्र छात्राओं को गौरा देवी कन्या धन योजना का लाभ प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास |
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>**07.06.2023** | 5. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में युवाओं के कल्याण हेतु युवा नीति प्रख्यापित की गयी है ? क्या सरकार बतायेगी कि युवाओं को राष्ट्र की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए युवा कल्याण के क्या –क्या कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं ? क्या सरकार बतायेगी कि युवा शक्ति को राज्य व देश हित में उत्प्रेरित करने हेतु युवा नीति बनाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | युवा कल्याण |

| | | |
|---|---|---|
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>**07.06.2023** | 6. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों के उच्चीकरण किए जाने की प्रक्रिया गतिमान है ? क्या सरकार द्वारा विकास खण्ड जौनपुर टिहरी गढ़वाल के मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र पापरा तल्ला का उच्चीकरण किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास |
| **डॉ0 मोहन सिंह बिष्ट**<br>**08.06.2023** | 7. क्या युवा कल्याण मंत्री अवगत कराने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र लालकुआं के अन्तर्गत बिन्दुखत्ता में अशोक चक्र से सम्मानित शहीद स्व0 मोहन नाथ गोस्वामी जी के नाम पर स्टेडियम बनाने की प्रक्रिया किस स्तर पर रुकी हुई है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत करायेंगे कि क्षेत्रवासियों की इस बहुप्रतीक्षित मॉग को पूर्ण कराने हेतु सरकार द्वारा कोई कार्यवाही अमल में लायी जा रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | युवा कल्याण |
| **श्रीमती ममता राकेश**<br>**08.06.2023** | 8. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में नंदा गौरा योजना के तहत मासिक आय प्रमाण –पत्र बनाये गये हैं ? क्या यह सत्य है कि सरकार द्वारा आवेदनकर्ताओं पर फार्म में गलत सूचना भराये जाने के कारण कार्यवाही की जा रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार उन विभागीय अधिकारियों पर भी कार्यवाही करने जा रही है, जिनके द्वारा फर्जी मासिक आय प्रमाण पत्र जारी किये गये हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास |
| **श्री आदेश सिंह चौहान**<br>**08.06.2023** | 9. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र जसपुर के अन्तर्गत स्थानीय खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए सरकार स्टेडियम का निर्माण करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल |

| | | |
|---|---|---|
| **श्रीमती ममता राकेश**<br>**09.06.2023** | 10. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सरकार द्वारा पूर्व में सेनेटरी नैपकिन को मुफ्त दिये जाने का प्राविधान किया गया था ? क्या यह सत्य है कि वर्तमान में आंगनबाड़ी केन्द्रों मे नकद भुगतान के माध्यम से सेनेटरी नैपकिन दी जा रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार पूर्व की व्यवस्था को बहाल करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास |
| **श्रीमती ममता राकेश**<br>**09.06.2023** | 11. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में नंदा गौरा योजना के तहत इण्टर पास अनाथ बच्चों को, जिनका भरण–पोषण समाज सेवा संस्थानों एवं परिवारों द्वारा किया जा रहा था, को इस योजना से वंचित रखा गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त योजना में अनाथ बच्चों को सम्मिलित करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास |
| **श्री प्रीतम सिंह पंवार**<br>**14.06.2023** | 12. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जनपदवार प्रशिक्षित पी.आर.डी. स्वंय सेवकों महिला/पुरुषों की संख्या क्या है एवं इन महिला/पुरुषों प्रशिक्षित स्वंय सेवकों में से कुल कितने महिला/पुरुष स्वंयसेवक वर्तमान समय में कार्ययोजित अथवा कार्यरत है ? क्या यह सत्य है कि अधिकांश प्रशिक्षित महिला/पुरुष स्वंयसेवक कार्य पर नहीं लगाये गये हैं ? क्या सरकार बतायेगी कि प्रशिक्षित पी.आर.डी. स्वंयसेवकों की सेवायें नियमित लिए जाने की व्यवस्था की जायेगी ? यदि हां, तो कब से ? यदि नहीं, तो क्यों ? | युवा कल्याण |
| **श्री सुरेश गढ़िया**<br>**21.06.2023** | 13. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट के अन्तर्गत कितने आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं ? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि कितने आंगनबाड़ी केन्द्रों के पास भवन है तथा कितने आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवन जर्जर स्थिति में है व कितने आंगनबाड़ी केन्द्र भवन विहीन हैं ? क्या सरकार आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवनों की मरम्मत एवं भवनविहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवनों का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास |

| | | |
|---|---|---|
| **श्री सुरेश गढ़िया**<br>**22.06.2023** | 14. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट में आंगनबाड़ी केन्द्रों में आतिथि तक कितने कार्यकत्री एवं आंगनबाड़ी सहायिका के पद रिक्त है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकत्री व आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास |
| **श्री महेश जीना**<br>**28.06.2023** | 15. क्या खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में एल.पी.जी. गैस सिलेण्डरों की आपूर्ति हेतु घर–घर जाकर गैस सिलेण्डर वितरण करने की व्यवस्था की गई है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस बात से अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के बाजखेत–कुशिया चौन–ढ़ैया किचार मार्ग पर आज भी एल.पी.जी. गैस सिलेण्डर की आूपर्ति नहीं की जा रही है ? क्या सरकार जनहित में सल्ट विधान सभा क्षेत्र के मोटर मार्गों से जुड़ें हुए सभी गांवों को एल.पी.जी. गैस सिलेण्डर की सुविधा उपलब्ध करायेगी ? यदि हां, तो कब से ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले |
| **श्रीमती ममता राकेश**<br>**20.07.2023** | 16. क्या खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्तमान समय में राशन कार्ड नहीं बन रहे है? क्या सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत वर्ष 2011 की जनंसख्या को आधार मानते हुए नये राशन कार्ड बनाये जाने के लिए भारत सरकार को प्रस्ताव भेजेगी ? यदि हां, तो प्रदेश की जनता को कब तक नये राशन कार्ड वितरण कराया जायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले |
| **श्री संजय डोभाल**<br>**21.07.2023** | 17. क्या युवा कल्याण मंत्री अगवत हैं कि जनपद उत्तरकाशी में तैनात पी.आर.डी. के जवान चार धाम यात्रा काल व अन्य विभागों में दैनिक मजदूरी के रुप में कार्य कर रहे हैं ? क्या यह सत्य है कि इन पी.आर.डी. जवानों को दैनिक वेतन समय पर नहीं मिल पा रहा है, जिससे इनमें सरकार के प्रति आक्रोश है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इन पी.आर.डी. जवानों की समस्याओं पर विचार करते हुए समय पर दैनिक मजदूरी देने के लिए उचित कार्यवाही करेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | युवा कल्याण |

**श्री प्रदीप बत्रा**
**24.07.2023**

18. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र रुड़की में बन्द पड़ी गंगनहर को अन्तराष्ट्रीय स्तर पर वाटर स्पोर्टस हेतु विकसित किया जा सकता है ? क्या मंत्री जी यह बतायेंगे कि इस वाटर स्पोर्टस के खिलाड़ियों को लाभ प्राप्त होगा तथा साथ ही राजस्व में भी बढ़ोत्तरी होगी ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा बन्द पड़ी गंगनहर को वाटर स्पोर्टस के रुप में विकसित करने की कोई योजना बनाई जा रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ?

खेल